Raj Express (Indore), 13th June 2026, Page- 04

आईआईटी इंदौर का 14वां दीक्षांत समारोह 27 को, दिलाएंगे शपथ

नीति आयोग सदस्य होंगे मुख्य अतिथि, पूर्व इसरो चेयरमैन करेंगे अध्यक्षता

● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

आईआईटी इंदौर का 14 वां दीक्षांत समारोह 27 जून को होने जा रहा है। दोपहर ढाई बजे से इसकी शुरुआत की जाएगी। समारोह के मुख्य अतिथि नीति आयोग के सदस्य और डीएसटी के पूर्व सचिव प्रो. अभय करांदिकर होंगे। समारोह की अध्यक्षता इसरो के पूर्व चेयरमैन और आईआईटी इंदौर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरपर्सन डॉ. के. सिवन करेंगे। संस्थान ने मेहमानों, शोधकर्ताओं और अभिभावकों की सुविधा के लिए इंदौर एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन से कैंपस तक पहुंचने के लिए डिजिटल क्यूआर कोड जारी किए हैं। इन्हें स्कैन कर सीधे रास्ते की जानकारी मिल सकेगी। जो छात्र समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगे, वे दोपहर ढाई बजे से संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर इसका लाइव प्रसारण देख सकेंगे। समारोह की शुरुआत आईआईटी इंदौर के डायरेक्टर के स्वागत भाषण और वार्षिक रिपोर्ट के साथ की जाएगी। इसके बाद डॉ. सिवन संबोधित करेंगे।

मुख्य अतिथि प्रो. करांदिकर दीक्षांत भाषण देंगे। छात्र-छात्राओं को मेडल और डिग्रियां दी जाएगी। डिग्री मिलने के बाद सभी विद्यार्थी संस्थान और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की सामूहिक शपथ लेंगे।